**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ**
**(तिथि 13 अगस्त 2025, समय 1305 (05 मिनट)**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज कुरुक्षेत्र में पिपली अनाज मंडी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रजापति समुदाय के पात्र परिवारों को भूमि के प्रमाण पत्र वितरित किए।

विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि बीते दशकों में प्रजापति समाज के हुनर को वह सम्मान व अवसर नहीं मिल पाए जिसके वह हकदार थे। और नई पीढ़ी को इसके साथ जोड़ने के लिए जो साधन चाहिए थे वह नहीं मिल रहे थे।
मुख्यमंत्री ने कहा की उन्हें गर्व है कि भिवानी में दक्ष प्रजापति महाराज जयंती समारोह में उन्होंने जो घोषणा की उस पर एक महीने के अंदर काम शुरू हो गया। श्री नायब सिंह ने कहा कि उन की सरकार ने प्रजापति समुदाय की समस्या को समझा और वादे नहीं समाधान किया जा रहा है। संकल्प से सिद्धि तक पहुंचाया जा रहा है।
मुख्यमंत्री ने कहा -

उन्होंने कहा कि प्रजापति समाज मेहनती हुनरमंद है और सदियों से आपने प्रदेश की तरक्की में योगदान दिया है और यह पात्रता प्रमाण पत्र आपके सम्मान की गारंटी है।

**********************************************************************
आज पलवल में प्रजापति समुदाय के पात्र परिवारों को भूमि के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में खेल मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए जिन्होंने 2500लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए।
खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रजापति समुदाय के पात्र परिवारों को मिट्टी के बर्तन बनाने,आवा लगाने के लिए आरक्षित की गई भूमि के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए हैं।
उन्होंने कहा कि कुरूक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पात्र परिवारों को प्रमाण पत्र वितरित किए हैं। प्रजापति समाज के लोग अब पंचायत की जमीन पर मिट्टी के बर्तन बना सकेगें।

2- गौरव गौतम -16 सेकंड

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की इस मुहिम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ,पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला,जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा भी मौजूद रहीं ।

***************************************************************************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। इस वर्ष मार्च में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के नई दिल्ली स्थित निवास से बड़ी मात्रा में जली हुई नकदी बरामद की गई थी। लोकसभा में आज पहले स्थगन के बाद कार्यवाही फिर शुरू होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि इस तीन सदस्यीय समिति में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनिंदर मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बी. वी. आचार्य शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह समिति जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। अध्यक्ष ने कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के लिए सत्तारूढ़ और विपक्ष के 146 सांसदों से मिले हस्ताक्षरित नोटिसों को स्वीकार कर लिया गया है। श्री बिरला ने कहा कि जांच समिति की रिपोर्ट आने तक इस सम्बंध में प्रस्ताव विचाराधीन रहेगा।

***************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहरी क्षेत्रों की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के लिए अधिकारियों को राज्य में सिविल कार्यों के लिए टेंडर जारी करने के निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा है कि टेंडर प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध बनाई जाए। । उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाए, जिसमें प्रत्येक चरण की स्पष्ट समय-सीमा और जिम्मेदारी तय की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी समाप्त हो सके और परियोजनाओं का क्रियान्वयन तय समय पर सुनिश्चित किया जा सके।

***************************************************************************

कांग्रेस ने हरियाणा में पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है।कांग्रेस ने हरियाणा में 32 जिलों के अध्यक्ष घोषित किए हैं।

***************************************************************************